भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1324
जिसका उत्तर शनिवार 19 सितम्बर, 2020
28 भाद्रपद, 1942 (शक) को दिया जाना है

एमटीएनएल की परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण

1324. श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः
श्री बिद्युत बरन महतोः
श्री सुधीर गुप्ताः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एमटीएनएल ने मुंबई तथा दिल्ली के प्रमुख स्थानों पर परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण करने हेतु निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग को कोई योजना प्रस्तुत की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और इसे अंतिम रूप कब तक दिये जाने की संभावना है;

(ग) देश के विभिन्न भागों में प्रमुख संपत्तियों की बिक्री से कंपनी द्वारा कितनी राशि अर्जित किये जाने की संभावना है; और

(घ) मंत्रालय द्वारा एमटीएनएल का पुनरुद्धार करने हेतु अन्य क्या उपाय किये गये हैं/किये जा रहे हैं?

उत्तर
वित्त मंत्रालय में राज्यमंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) एमटीएनएल ने निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के माध्यम से मुद्रीकरण करने हेतु परिसंपत्तियों की एक सूची प्रस्तुत की है। इन परिसंपत्तियों में मुम्बई स्थित भूमि, स्टाफ क्वाटर्स और टेलीफोन एक्सचैन्ज शामिल हैं। वर्तमान में दिल्ली में स्थित किसी परिसंपत्ति का दीपम के जरिए मुद्रीकरण नहीं किया जा रहा है।

(ख) मुम्बई स्थित जिन परिसंपत्तियों का वर्तमान में विभाग के माध्यम से मुद्रीकरण किया जा रहा है उनका ब्योरा **अनुबन्ध** के रूप में संलग्न है। इन परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के संबंध में सौदे के लिए शुरू से अंत तक सलाह देने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सम्पत्ति परामर्शदाताओ को नियुक्त किया जा चुका है। परिसंपत्ति मुद्रीकरण की प्रक्रिया जटिल होती है जिसमें कई हिस्सेदार और एजेन्सियां शामिल होती हैं। इन मुद्रीकरण सौदो को सम्पन्न करने के लिए इस समय कोई निर्दिष्ट समय सीमा परिभाषित नहीं की जा सकती ।

-2/-

(ग) वह मूल्य जिस पर परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण किया जाएगा परिसंपत्ति के मुद्रीकरण की व्यवहार्यता, मुद्रीकरण मॉडल और मुद्रीकरण के समय प्रचलित बाजार परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। इस समय बिक्री से संभावित प्राप्तियों का अनुमान लगा पाना कठिन होगा।

(घ) दूरसंचार विभाग के अनुसार, सरकार ने दिनांक 23.10.2019 को एमटीएनएल की पुनरुद्धार योजना को अनुमोदन प्रदान किया था। इस पुनरुद्धार योजना में अन्य बातों के साथ साथ एमटीएनएल के 50 वर्ष से अधिक आयू के कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के माध्यम से स्टाफ लागत को कम करना, 4जी सर्विस की सुविधा प्रदान करने के लिए एमटीएनएल को स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आबंटन, परिसंपत्ति मुद्रीकरण, शासकीय गारन्टी बॉंड जुटाकर ऋण पुनर्संरचना और बीएसएनएल/एमटीएनएल के विलय के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन शामिल हैं।

***

अनुबंध

मुम्बई में एमटीएनएल की परिसंपत्तियां

क्र.सं.	परिसंपत्ति	ब्यौरा	आकार
1.	वसारी हिल, मलाड, मुम्बई	स्टाफ क्वार्टर	1.36 एकड़
2.	मुलुंड, एमटीएनएल मुम्बई	टेलिफोन एक्सचैन्ज एवं स्टाफ क्वार्टर	2 एकड़ भूमि
3.	एकसार-I प्रमुख भूमि, एमटीएनएल मुम्बई	भूमि पार्सल	4.94 एकड़ भूमि
4.	एकसार-I अतिरिक्त भूमि, एमटीएनएल, मुम्बई	भूमि पार्सल	1.08 एकड़ भूमि
5.	एकसार-II शिमपोली, एमटीएनएल, मुम्बई	भूमि पार्सल	26.25 एकड़ भूमि
6.	स्टाफ क्वार्टर ओशिवारा, एमटीएनएल मुम्बई	स्टाफ क्वार्टर	20 फ्लैट (कुल एरिया 817.6 वर्ग मीटर)